>

Title: Need to check the recurring incidents of boat capsizing in the Country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय सभापति महोदय, मैं बहुत दुख के साथ आपको सूचित कर रहा हूं कि बुधावर, दिनांक 28 नवम्बर को मेरे संसदीय क्षेत्र, जनपद कौशाम्बी-उ.प्र. की तहसील सिराथू, गांव तरसौरा में 15 ग्रामीण लोग नाव पर सवार थे। नाव डूब गई। नाव डूबने के बाद आठ लोग तो बचा लिए गए, लेकिन जो सात महिलाएं थीं, वे नहीं बचाई जा सकीं। उनमें शीतला सुपुत्री श्री मिठाई लाल, उम्र 15 वर्ष, कोलाहारी सुपुत्री श्री जगजीवन, उम्र 18 वर्ष, सविता सुपुत्री श्री जगजीवन, उम्र 15 वर्ष, ये ग्राम टेढ़हर (हिसामपुर) परसखी की थीं और ग्राम तरसौरा के रीता सुपुत्री श्री शिव प्रसाद यादव, उम्र 20 वर्ष, श्रीमती सुग्गन देवी धर्मपत्नी श्री बृज मोहन, उम्र 35 वर्ष, सोनू देवी सुपुत्री श्री बृज मोहन, उम्र 15 वर्ष और श्रीमती शिवरानी देवी सुपुत्री श्री राम दास, उम्र 20 वर्ष की डैड बॉडी अभी तक नहीं मिली है।

महोदय, मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सी.ओ. पहुंचे। गांव वालों का कहना था कि हरियाणा के कुरुक्षेत्र में जब एक छोटा बच्चा प्रिंस गिर गया था, वहां उसे निकालने के लिए सेना पहुंच गई, लेकिन यहां के निकम्मे जिला प्रशासन ने कोई प्रयास नहीं किया। अगर जिला प्रशासन कुछ प्रयास करता, तो उनके शव अब तक बरामद हो जाते। वहां क्षेत्रीय विधायक, सरकारी बोट पर सैर-सपाटा करते रहे और मछली पकड़ते रहे। वहां एक असरदार नेता के यहां दावतें भी उड़ाई गई। मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि पिछले छः महीने के अंदर हमारे क्षेत्र में पचासों लोगों की डूबने से मृत्यु हुई है। मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि एक जय शंकर सुपुत्र श्री राम मन यादव नाम का लड़का कक्षा 8 में पढ़ता है, जो खुद तैर कर बाहर आया और जिसने चप्पू से चार लोगों की जान बचाई। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए दिए जाएं और जो लड़का जय शंकर सुपुत्र श्री राम मन यादव है, जो कक्षा 8 में पढ़ता है, जिसने चार लोगों की जान बचाई, उसे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।